आज का आनंद

एक्स्पो-2022 ग्लोबल समिट 25 और 26 जनवरी को दुबई में

मुंबई, 20 दिसंबर (आ.प्र.)

देश की एग्जिबिशन और कॉन्फ्रेंस आयोजकों की शीर्ष संस्था काउंसिल ऑफ इंडियन एग्जिबिशन ऑर्गेनाइजर्स (सीआईईओ) एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट 2022 का आयोजन 25 और 26 जनवरी को दुबई में आयोजित करेगी. इंडिया पवेलियन में होने वाली समिट का उद्देश्य भारतीय एग्जिबिशन इंडस्ट्री को वैश्विक नक्शे पर लाना है. इसमें प्रमुख ताकत और क्षमता, गुणवत्ता और सेवाओं की विविधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करना और व्यापार के अवसर तलाशना है. सीआईईओ की संचालक समिति सदस्य इंडिया आईटीएमई सोसायटी की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि भारत के एग्जिबिशन इंडस्ट्री के आयोजकों और सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए अपनी ताकत और क्षमता पूरी दुनिया को दिखाने का यह न चूकने वाला अवसर है.